संक्षिप्त

भागवत कथा 19 से

दौसा (निसं.)। जिले के विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठनों के पदाधिकारियों की बैठक मंगलवार सोनी की बगीची में आयोजित की गई, जिसमें 19 मार्च से 28 मार्च तक आयोजित श्रीमद देवी भागवत कथा की तैयारियों पर चर्चा की गई। उल्लेखनीय है कि पुरीपीठाधीश्वर श्रीमद्जगद्गुरु शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती के कृपापात्र शिष्य कथा प्रवक्ता धर्माचार्य डॉ.परमेश्वर गंगावत द्वारा चैत्र शुक्ल प्रतिपदा 19 मार्च से 28 तक श्रीमद् देवीभागवत का आयोजन किया जाएगा। कथा की तैयारी को लेकर मंगलवार को बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठनों के पदाधिकारियों ने तैयारियों पर चर्चा की। मुख्य यजमान राजेश सोनी ने बताया कि कथा का प्रारंभ चैत्र शुक्ल प्रतिपदा 19 मार्च को होगा। कथा से पूर्व 2100 कलशसहित कलश यात्रा सहज नाथ महादेव मंदिर चुंगी नाका से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गो से गुजरती हुई श्याम मंदिर सत्संग भवन पहुंचेगी। जहां प्रतिदिन समय एक से पांच बजे तक श्रीमद् देवीभागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ सूरज शर्मा, विनय जैन, नरेंद्र भैया, मनसुख माठा, डॉ. शिव शर्मा, लक्ष्मीकांत एडवोकेट, मोतीलाल शर्मा, प्रवीण शर्मा, उमेश सिंघा इत्यादि उपस्थित रहे।

बाइक चोरी का खुलासा

निवाई। पुलिस ने शहर के शहनाई गार्डन के सामने से चोरी हुई एक मोटर साइकिल के मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी घासीराम मीणा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक राजेशकुमार मीणा के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतनलाल भार्गव व डीवाईएसपी रवि प्रकाश शर्मा के सुपरविजन में चोरी के मामले को लेकर विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने कार्रवाई करते हुए घटना के महज कुछ ही समय बाद आरोपी रवि कुमार पुत्र जयनारायण रैगर निवासी अगरपुरा थाना दत्तवास को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई मोटर साइकिल बरामद कर ली है। उन्होंने बताया कि 15 मार्च को परिवादी पंकज साहू निवासी चोहटी बाजार ने मामला दर्ज करवाया था कि 10 मार्च को शहनाई गार्डन के बाहर खडी उसकी बाइक को चोर ले गए थे।

अवैध बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

निवाई। पुलिस ने अवैध बजरी खनन व परिवहन की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए बजरी से भरे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है।

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि सलीम गौरी पुत्र अस्गर गौरी निवासी वा.नं. 6, भरतीयों कुआँ के सामने, नई सडक, विमला गढवाल के पास चूरू ने सुभाषचन्द छाबडा पुत्र भैरूमल छाबडा निवासी प्लाट नं. 862, राम नगर, शास्त्रीनगर जयपुर से प्लाट नं. 862, रामनगर नाहरी का नाका (पूर्व) शास्त्रीनगर जयपुर क्षेत्रफल 125.00 वर्गगज को क्रय कर रहे है इस बाबत किसी दीगर व्यक्ति, बैंक, संस्था, सोसायटी, सरकारी कार्यालय या अर्द्धसरकारी कार्यालय को कोई आपत्ति या आपेक्ष हो तो सात दिवस की अवधि में मय सबूत मुझ से सम्पर्क करें, अवधि समाप्ती पर मेरे मुवक्किल के विरूद्ध आपत्ति अमान्य व शून्य मानी जावेगी।
अब्दुल हनीफ खांन, एडवोकेट, मो. न. 9929655751

नाम परिवर्तन

मैंने मेरा नाम कीर्ति कुमार शर्मा से बदलकर कार्तिक शर्मा पुत्र श्री मुकेश चंद शर्मा रख लिया है आगे से मुझे कार्तिक शर्मा (KARTIK SHARMA) के नाम से जाना जावे पता कुंथाडा खुर्द कानोता बस्सी जयपुर

It is for general information that I, HIMANSHU BOYAT, S/o DALIP KUMAR, R/o Ward Number 2, Tehsil Sadulshahar, 1 BNW (Hakmabad) Ganganagar, Rajasthan - 335062, declare that name of my mother has been wrongly written as USHA in my 10th class Educational documents. The actual name of my mother is BHAGAVNTI which may be amended accordingly.

i army no 2862630W Ex HAV nand lal resident of plot no 110 anand vihar -A benad road dadi ka phatak jhotwara jaipur that I want change my spouse name PANMESHWAR DEVI To PARMESHWARI DEVI vide affidavit dated 25/2/26 before sub divisional officer malsisar jhunjhunu

I army no JC -834241N Ex Sub (hony capt) manni Ram resident of D-128-129 bhrahmaputra marg near om swami vivekanand school prem nagar jhotwara jaipur that i want to change name of my dependent from SUMAN To SUMAN KUMARI vide affidavit dated 16 march 26 before sub divisional Jaipur city north

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्रमदान किया

निवाई। भाजपा शहर मंडल के तत्वावधान में राजस्थान दिवस को लेकर उपखण्ड अधिकारी कार्यालय एवं तहसील कार्यालय में स्वच्छ राजस्थान सुन्दर राजस्थान अभियान के तहत साफ-सफाई करके श्रमदान किया।

इस दौरान विधायक रामसहाय वर्मा के सानिध्य में भाजपा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने राजस्थान दिवस पर स्वच्छ राजस्थान सुन्दर राजस्थान का संकल्प लिया। विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि हमारा राजस्थान अपनी वीरता व गौरवशाली इतिहास के लिए जाना जाता है। इस गौरव को बनाए रखने के लिए हमें स्वच्छ राजस्थान, सुन्दर राजस्थान के संकल्प को सिद्ध करना होगा। शहर अध्यक्ष नितिन छाबडा ने आ ान करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया श्रमदान केवल एक दिन की गतिविधि नहीं है। बल्कि यह एक संदेश है कि हम अपने सार्वजनिक संस्थानों व शहर को स्वच्छ रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। इस अवसर पर वंश प्रदीप पारीक, जयनारायण कुमावत, आशाराम डोई, सियाराम शर्मा, भूषण सालोदिया, ओमप्रकाश वर्मा, रामविलास बलाई, एसडीएम प्रीति मीणा, तहसीलदार नरेशकुमार गुर्जर, अधिशासी अधिकारी मनोहरलाल जाट, जीतू सेन, सहायक अभियंता राजप्रताप राणावत, व बाबूलाल पांडा सहित कई कार्यकर्ता व अधिकारी मौजूद थे।

ईद की खरीददारी कर लौट रहे दो बाइक सवार की मौत

टोंक के झिराना थाना क्षेत्र में नागजी मोड के पास हादसा हुआ।

■ घटना की सूचना के बाद पहुंची पुलिस टीम ने तीनों को घायलों को तुरंत रानोली अस्पताल पहुंचाया, हादसे के बाद कार चालक फरार हो गया

टोंक। झिराना थाना क्षेत्र में नागजी मोड के पास सोमवार देर सांय इफ्तार के बाद ईद की खरीददारी कर लौट रहे बाइक सवारों का दर्दनाक हादसा हो गया। इस दुर्घटना में कठमाणा निवासी फारुख पुत्र मुन्ना खां उम्र 22 साल और उसका भतीजा शोहेब पुत्र आरीफ उम्र 15 साल की मौत हो गई, जबकि दूसरा भतीजा आदिल पुत्र शरीफ खां उम्र 14 साल गंभीर घायल है, जिसे जयपुर रेफर किया गया है। झिराना थाना प्रभारी राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि सोमवार रात्रि 8 बजे रानोली और कठमाणा के बीच नागजी मोड़ पर कार ने बाइक को टक्कर दी, घटना की सूचना के बाद पंहुची पुलिस टीम ने तीनों घायलों को तुरंत रानोली अस्पताल पहुंचाया। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया, यह वाहन झिराना थाना क्षेत्र बताया गया है, मामले में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ कर दिया है।

वर्ष 2024-25 में समिति को 9.95 लाख का शुद्ध लाभ

■ वार्षिक साधारण सभा की बैठक समिति अध्यक्ष अनिता बेनीवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

निवाई। किसान क्रय विक्रय सहकारी समिति लिमिटेड की वार्षिक साधारण सभा की बैठक समिति अध्यक्ष अनिता बेनीवाल की अध्यक्षता में झिलाय रोड स्थित समिति प्रांगण में आयोजित हुई।

जिसमें कई महत्वपूर्ण मुददों पर चर्चा की गई। मुख्य व्यवस्थापक विष्णुकुमार जांगिड़ ने आय-व्यय का ब्यौरा देते हुए बताया कि बैठक में गत साधारण सभा की कार्यवाही की पुष्टि पर विचार, वित्तीय वर्ष के अंतिम लेखों का अनुमोदन, आगामी प्रस्तावित बजट की स्वीकृति सहित समिति का व्यवसाय बढ़ाने सहित कई महत्वपूर्ण मुददों पर चर्चा की गई।

उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में समिति को 9.95 लाख का शुद्ध लाभ हुआ है। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 31.85 लाख रूपए का प्रस्तावित बजट पेश किया। इस अवसर पर समिति सदस्यों ने खाद वितरण, खाद क्रय, वितरण व्यवस्था, गौदाम सहित कई महत्वपूर्ण मुददों पर चर्चा की गई।

बैठक में कैलाश चौधरी, ब्रह्मप्रकाश गुर्जर, श्रीराम चौधरी, प्रभु चौधरी, केदार डांगरथल, एसआर फागणा, भंवरलाल जुझारपुरा, सत्यनारायण शर्मा, शंकरलाल शर्मा, महेन्द्र कसाणा, ईश्वरलाल मीणा, मदनलाल सैनी, मोहनलाल चौधरी, गोविन्द चौधरी, दशरथसिंह पलेई, रामनिवास चौधरी, डॉ. तेजभंवरसिंह, सीआर राजाराम भगत, रोमश्वर चौधरी, संजय जैन, रामबाबू शर्मा, मोहनलाल जाट व गणपत बलाई सहित समिति सदस्य मौजूद थे।

राजसखी मेले को देखने लोग उमड़े

टोंक। जिला प्रशासन एवं राजीविका के संयुक्त तत्वाधान में कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित राज सखी मेले में मंगलवार को राजीविका स्वयं सहायता महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों को देखने एवं खरीदने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।

इस दौरान बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा 1100 से 1999 रुपये की खरीदारी करने पर छोटी थर्मोवेयर वाटर बोतल एवं 2 हजार से अधिक की खरीदारी करने पर बड़ी बोतल उपहार के रुप में ग्राहकों को दी जा रही है। आमजन में मेले को लेकर उत्साह देखा गया। मेले में प्रदेश के अलग अलग जिलो से आई राजीविका महिलाओं ने दिल से रची हाथों से सजी कला को प्रदर्शित किया। राजसखी मेले में सुबह 10 बजे से रात्रि 9 बजे तक महिलाओं, बच्चों एवं आमजन ने अपनी पंसद की खरीदारी की एवं विभिन्न स्टॉलों पर रखी वस्तुओं की जानकारी ली।

साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। राजीविका के डीपीएम ललित कुमार ने बताया कि राज सखी मेले में राज्य के समस्त जिलो के स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए हस्तशिल्प, खाद्य उत्पाद, कपड़े, गृह सज्जा सामग्री, जैविक उत्पाद तथा स्थानीय पारंपरिक वस्तुओं की प्रदर्शनी एवं बिक्री के लिए 50 से 60 स्टाल लगाई गई है। मेले के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को अपने उत्पादों के लिए बेहतर बाजार और आय के नए अवसर प्राप्त हुए है। मेले के आयोजन के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहें।

पंचायत समिति का औचक निरीक्षण

निवाई। विधायक रामसहाय वर्मा ने पंचायत समिति का औचक निरीक्षण करके आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पंचायत समिति के कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचना सुनिश्चित करें। उन्होंने ने स्वामित्व योजना व प्रधानमंत्री आवास योजना सहित जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का उद्देश्य आमजन को राहत पहुंचाना है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की देरी या कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विधायक ने विकास अधिकारी नंदकिशोर शर्मा को निर्देशित करते हुए कहा कि ठाम पंचायत पहाड़ी, खंडवा, रजवास व सिरस के लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण करें।

वाटर कूलर के लिए 1 लाख रुपए दिए

सांभरझील, (निसं)। माता-पिता को देव तुल्य समझ उनके प्रति आदर भाव और समर्पण की भावना रख उनकी सेवा सुश्रुषा करने से परिवार तो खुशहाल होता ही है साथ ही संतानों का भी भाग्य प्रबल बना रहता है। अंबेडकर भवन में दुलारिया परिवार की ओर से आयोजित एक भावपूर्ण कार्यक्रम के दौरान शाकंभर महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डा. ज्ञानप्रकाश दायमा ने यह विचार व्यक्त किए। बताया गया कि भीमराव अंबेडकर चेतना समिति के अध्यक्ष विनोद दुलारिया व उनके अनुज राजेंद्र दुलारिया ने अपने निर्वाण प्राप्त पिता मंगल चंद दुलारिया की स्मृति में अंबेडकर भवन में संचालित अंबेडकर पुस्तकालय हेतु पचास हज़ार रुपए अपनी माताजी के कर कमलों से नगद प्रदान किए। इसके अलावा प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारी कर रही सभी समाजों की बालिकाओं तथा महिलाओं व संत रविदास वाटिका के लिए वॉटर कूलर मय आरओ के लिए अलग से 50 हजार भेंट किए गए। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन कन्हैयालाल सकरवाल ने कहा कि यह पुनीत का कार्य समाज के लिए एक प्रेरणा का स्त्रोत बनेगा। हमें सदैव ही ऐसे कार्यों के प्रति समर्पित रहना चाहिए। इस अवसर पर मृत्युभोज व अन्य सामाजिक कुरीतियों का त्याग करते हुए इस पर ख़र्च होने वाली राशि का सदुपयोग सामाजिक उत्थान तथा शिक्षा की उन्नित पर ख़र्च करने का निर्णय लिया। आयोजन में पुज्य भिक्खु कश्यप आनंद साहब ने कहां कि श्रेष्ठ मनुष्य बनने और श्रेष्ठ जीवन प्राप्त करने के लिए महा मंगल सुत के अनुसार आचरण करना चाहिए, उन्होंने शील सागर फुलेरा में आठ लोक धम्म की जानकारी दी।

मंगल चंद दुलारिया की स्मृति में वाटर कूलर व पुस्तकालय के लिए रुपये भेंट किए।

गणगौर महोत्सव की तैयारी

■ गणगौर की शाही सवारी मोती महल के प्रांगण से शाही लवाजमे जिसमें शाही बग्गी,बैंड पार्टी एवं आकर्षक आतिशबाजी के साथ रवाना होगी

शाहपुरा। जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह के दिशानिर्देश अनुसार हनुमंत निवास बाग शाहपुरा में सांसद निजी सचिव भगवान सिंह शेखावत एवं भाजपा शाहपुरा शहर मंडल अध्यक्ष मालीराम सैनी की अध्यक्षता में 21 मार्च 2026 को आयोजित होने वाले गणगौर महोत्सव की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित हुई।

भाजपा जयपुर जिला देहात उत्तर मीडिया प्रभारी सुभाष जोशी ने बताया कि इस दौरान गणगौर की शाही सवारी मोती महल के प्रांगण से शाही लवाजमे जिसमें शाही बग्गी, हाथी, घोड़े, कच्ची घोड़ी, कालबेलिया नृत्य, पंजाबी बैंड, ऊंट सवारी, चंग पार्टी, बाहुबली, बैंड पार्टी एवं आकर्षक आतिशबाजी के साथ रवाना होकर मुख्य बाजार से होते हुए बिजली ग्रेड से पुराना दिल्ली रोड होते हुए गंगा मार्केट से सेड का वास होते हुए हनुमंत निवास बाग पहुंचेगी। इस दौरान शहर में करीब पंद्रह जगह स्वागत सत्कार एवं जलपान की व्यवस्था के तहत कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर भाजपा पूर्व जिला मंत्री एवं पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष व ग्राम पंचायत खोरी जीएसएस अध्यक्ष रवीश खटाणा, जिला सोशल मीडिया सह प्रभारी सुनील गुप्ता, भगवान सिंह शेखावत, राधेश्याम सैनी, महामंत्री राजेश पलसानिया, महामंत्री मुकेश माटोलिया, कोषाध्यक्ष श्याम सुंदर राज जोशी, मदन लाल सैनी, पूर्व पार्षद रोशन बागड़ी, किसान मोर्चा अध्यक्ष भीवाराम ढबास, पूर्व प्रतिपक्ष नेता पार्षद अर्जुन लाल फौजी, पूर्व पार्षद कानाराम योगी, पूर्व पार्षद राजू लील, पूर्व पार्षद एडवोकेट नरेश कुमार शर्मा, पूर्व पार्षद प्रतिनिधि ग्यारसीलाल कुम्हार, पूर्व पार्षद प्रतिनिधि धर्मेन्द्र वर्मा, पूर्व पार्षद प्रतिनिधि राजेंद्र शर्मा, सुरेश कुमार सैनी, नरेंद्र कुमार सारण, संदीप योगी, नंदू चावला आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सांसद निजी सचिव भगवान सिंह शेखावत की अध्यक्षता में गणगौर उत्सव को लेकर बैठक हुई।

रजिस्ट्रेशन नं 2611/एल
तोपखाना देश गृह निर्माण सहकारी समिति लि.
कार्यालय: 2, हथरोई, अजमेर रोड़, जयपुर
आम सभा सूचना
समिति के सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन दिनांक 25 मार्च 2026 को दोपहर 12 बजे समिति कार्यालय- 2, हथरोई, अजमेर रोड, जयपुर पर किया जाना निश्चित किया गया है, जिसमें निम्न विषयों पर निर्णय लिया जाना है :-
1. गत साधारण सभा और विशेष सभा की कार्यवाही की पुष्टि
2. अंकेक्षित लेखों की पुष्टि व अनुपालना
3. समिति की विवादास्पद योजनाओं के समाधान पर विचार।
4. अन्य विषय अध्यक्ष की अनुमति से।
कोरम के अभाव में स्थगित बैठक नियम / उपनियमानुसार आयोजित की जावेगी जो उसी दिन उसी स्थान पर एक घन्टे उपरान्त प्रारम्भ की जावेगी। स्थगित बैठक में विचारणीय विषय उपरोक्तानुसार ही रहेंगे। दिनांक 17.03.2026
आज्ञा से
तोपखाना देश गृह निर्माण सहकारी समिति लि.
अध्यक्ष

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक: 10812 जाहिर आम-सूचना दिनांक: 12.03.2026
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 264/44 (HIG), (एरिया 236.25 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री सुरेन्द्र कुमार झाझडिया पुत्र श्री भगवान सिंह को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 1576 दिनांक 30.06.2007 को जारी किया गया। श्री सुरेन्द्र कुमार झाझडिया के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 06.01.2011 को उप पंजीयक सांगानेर-द्वितीय, जयपुर के यहाँ पंजीकृत करवाये गये। श्री सुरेन्द्र कुमार झाझडिया द्वारा उक्त आवास को दिनांक 10.01.2011 के द्वारा श्री रजनी अग्रवाल पत्नी श्री मोहनलाल गुप्ता को विक्रय कर उप पंजीयक जयपुर-अष्टम के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। श्री रजनी अग्रवाल के आवेदन पर कार्यालय आदेश क्रमांक 627 दिनांक 25.04.2011 द्वारा नाम दर्ज किया गया। श्री रजनी अग्रवाल द्वारा उक्त आवास को दिनांक 05.10.2022 के द्वारा श्रीमती अदिती पत्नी श्री योगेश अग्रवाल पुत्री श्री मोहनलाल गुप्ता को उपहार कर उप पंजीयक-द्वितीय, जयपुर के यहां उपहार पत्र का पंजीकृत करवाया गया। क्रेता/केती श्रीमती अदिती पत्नी श्री योगेश अग्रवाल पुत्री श्री मोहनलाल गुप्ता द्वारा आवासन मण्डल में उक्त आवास में अपना नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही है, श्रीमती अदिती पत्नी श्री योगेश अग्रवाल पुत्री श्री मोहनलाल गुप्ता का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

आम सूचना मैं मेरे पक्षकार **श्री सुखवेंद्र सिंह पुत्र श्री हिम्मत सिंह निवासी प्लाट नं. 13 लेन नं. 2 सेंट्रल पार्क पाम बुलेवर्ड वाटिका इंफोटेक सिटी ठिकरिया जयपुर** से प्राप्त हिदायत एवं निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ की मेरे पक्षकार की साझेदारी फर्म **सी एस इंटरप्राइजेज** के स्वामित्व एवं कब्जेसुदा एक संपत्ति जो की **प्लाट नं. 1 वलब एवेन्यू सुरक्षा एन्क्लेव वाटिका इंफोटेक सिटी जयपुर** में स्थित है। उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति को कुछ दीगर व्यक्तियों द्वारा बाजार में बिकाऊ बताते हुए प्रचारित किया गया है जो कि सरासर गलत एवं गैरकानूनी है। इसलिए सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में कोई लेन देन खरीद फरोख्त आदि नहीं करे। यदि कोई ऐसा करता है तो उसके लिए स्वयं जिम्मेदार होगा।
HM Legal Advocates and Legal Consultants
Mob. 9929199996 | 8054665575

उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)
व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 06/2026
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी नाम श्रीमती दिनेश कंवर पत्नी स्व. श्री राम सिंह जाति राजपूत
विवाद स्थान मालवीय नगर (जयपुर)
मृतक स्व. श्री रामसिंह की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक- 20.04.2026
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम स्व. रामसिंह पुत्र स्व. श्री बजरंग सिंह जाति राजपूत निवासी 73,74 जयसागर एनक्लेव । वाटीका सांगानेर जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें। अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 20 माह 04 सन् 2026 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 13 माह 03 सन् 2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
मोहर अदालत
आज्ञा से-शरिस्तेदार
अपर जिला एवं सैंशन न्यायाधीश
संख्या क्रम 10 जयपुर महानगर
सांगानेर प्रथम

कार्यालय ग्राम पंचायत आकोदा समिति सांभरलेक जिला जयपुर (राज.)
क्रमांकःग्रा.पं.आकोदा/निविदा/लेखा/2025-26/26-34
दिनांकः16/03/2026
ई-निविदा सूचना संख्या 04
पंचायत समिति साम्भरलेक के अधीनस्थ ग्राम पंचायत आकोदा के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना एवं पंचायतीराज की अन्य समस्त योजनाओं में कराये जाने वाले कार्यों के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए निर्माण सामग्री एंव उपकरणो की आपूर्ति हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के अनुसार राजस्थान पंचायतीराज नियम 1996 के नियमों के तहत वाणिज्यिक कर विभाग में पंजीकृत ऐसे विनिर्माताओ, विक्रेताओ, आपूर्तिकर्ताओं जो किसी भी राजकीय संस्थान / उपक्रमो से बोली लगाने से विवर्जित/ब्लेक लिस्टेड नही है, से ई-टेन्डरिंग की प्रक्रिया द्वारा निविदाऐ आंमत्रित की जाती है। ई-निविदा में जमा कराये जाने योग्य शुल्को की राशि व जमा करवाने का माध्यम एवं अन्य शर्ते एंव निविदा में सम्पादित करवाये जाने वाले कार्यों की राशि एंव अन्य विस्तृत विवरण पंचायत समिति/ग्राम समय पंचायत कार्यालय में एवं उपापन पोर्टल (www.sppp.rajasthan.gov.in) एवं (www.eproc.rajasthan.gov.in) पर अवलोकन की जा सकती है।
UBIN No. - ZJP2526GLOB02898
TENDER ID-2026_PRD_546561_1
प्रशासक ग्राम पचांयत आकोदा — ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पचांयत आकोदा
पं.स.सांभरलेक जिला-जयपुर — पं.स.सांभरलेक जिला-जयपुर

कार्यालय ग्राम पंचायत काचरोदा समिति सांभरलेक जिला जयपुर (राज.)
क्रमांकःग्रा.पं.काचरोदा/निविदा/लेखा/2025-26/325
दिनांकः16/03/2026
ई-निविदा सूचना संख्या 04
पंचायत समिति साम्भरलेक के अधीनस्थ ग्राम पंचायत काचरोदा के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना एवं पंचायतीराज की अन्य समस्त योजनाओं में कराये जाने वाले कार्यों के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए निर्माण सामग्री एंव उपकरणो की आपूर्ति हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के अनुसार राजस्थान पंचायतीराज नियम 1996 के नियमों के तहत वाणिज्यिक कर विभाग में पंजीकृत ऐसे विनिर्माताओ, विक्रेताओ, आपूर्तिकर्ताओं जो किसी भी राजकीय संस्थान / उपक्रमो से बोली लगाने से विवर्जित/ब्लेक लिस्टेड नही है, से ई-टेन्डरिंग की प्रक्रिया द्वारा निविदाऐ आंमत्रित की जाती है। ई-निविदा में जमा कराये जाने योग्य शुल्को की राशि व जमा करवाने का माध्यम एवं अन्य शर्ते एंव निविदा में सम्पादित करवाये जाने वाले कार्यों की राशि एंव अन्य विस्तृत विवरण पंचायत समिति/ग्राम पंचायत कार्यालय समय में एवं उपापन पोर्टल (www.sppp.rajasthan.gov.in) एवं (www.eproc.rajasthan.gov.in) पर अवलोकन की जा सकती है।
UBIN No.-ZJP2526GLOB02895
TENDER ID-2026_PRD_546533_1
प्रशासक ग्राम पचांयत काचरोदा — ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पचांयत काचरोदा
पं.स.सांभरलेक जिला-जयपुर — पं.स.सांभरलेक जिला-जयपुर

राजस्थान राज्य सहकारी आवासन संघ लि., जयपुर
5 वीं व 6वीं मंजिल नेहरू सहकार भवन, 22 गोदाम सर्किल, जयपुर
Phone:0141-2741805,E-mail: rsch jaipur@yahoo.com
Officewebsite:-www.rschf.org
क्रमांक:-1231/26 दिनांक:-16/03/2026
आम सूचना संघ की आवासीय योजना कमला नेहरू नगर, अजमेर रोड़, जयपुर का भवन संख्या-1-ख-1 श्री पुरूषोत्तम दास चतलांग्या पुत्र श्री द्वारका दास चतलांग्या को आवंटित कर दिनांक 28.02.1998 को कन्वेंस डीड एवं परय्यूचल लीज रजिस्टर्ड करवा दी गई थी। इसके पश्चात् श्री पुरूषोत्तम दास चतलांग्या पुत्र श्री द्वारका दास चतलांग्या का दिनांक 26.01.2005 को स्वर्गवास हो जाने पर उनके वारिसान श्रीमती सुलभा शारदा (पुत्री), श्रीमती अपला मूंदड़ा (पुत्री) एवं श्री गौरव चतलांग्या (पुत्र) द्वारा उनकी माता श्री मती ललिता देवी चतलांग्या के पक्ष में दिनांक 20.06.2005 को रजिस्टर्ड हक त्याग पत्र करवा दिया गया। तत्पश्चात् उक्त भवन को श्रीमती ललिता देवी से श्री सत्यनारायण शर्मा पुत्र श्री लक्ष्मीनारायण (जाति-जांगिड़-ब्राह्मण) ने रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 13.07.2005 को क्रय कर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करते हुए स्वयं के नाम ट्रांसफर करने हेतु आवेदन किया गया है। जिस किसी को उक्त भवन के हस्तांतरण पर आपत्ति हो, तो संघ कार्यालय में 15 दिवस में प्रमाण सहित प्रस्तुत करे, अन्यथा भवन संख्या 1-ख-1, कमला नेहरू नगर, अजमेर रोड़, जयपुर को श्री सत्यनारायण शर्मा पुत्र श्री लक्ष्मीनारायण (जाति-जांगिड़-ब्राह्मण) के नाम हस्तांतरण कर दिया जावेगा।
(योगेश शर्मा) प्रबंध निदेशक
राजस्थान राज्य सहकारी, आवासन संघ लि.जयपुर

कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 29/2026
(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि प्रार्थी श्री अमरनाथ एवं श्री कैलाश कुमावत ने पंजीकृत प्रन्यास श्री ओम जय सनातन धर्म ट्रस्ट बैंक ऑफ इण्डिया के पीछे, मैन स्टैंड कानोता, आगरा रोड़ जयपुर जिसका पंजीयन कमांक 144/ जयपुर/2023 है के सम्बन्ध में राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अन्तर्गत प्रपत्र-8 प्रस्तुत किया जिसमें उनके द्वारा प्रन्यास की बैठक कार्यवाही में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर प्रन्यास का नवीन नाम "श्री हनुमान चालीसा प्रबंध समिति, जयपुर", प्रन्यास कार्यालय का नवीन पता फ्लैट न. सी-802, 8वी मंजिल ब्लॉक सी हैंगिंग गार्डन जयसिंहपुरा रोड भांकरोटा तहसील सांगानेर जिला जयपुर तथा श्री अनुज कुमावत को प्रन्यासी मनोनीत कर उक्त संशोधनों को प्रन्यास रिकार्ड में दर्ज अभिलेख किये जाने का निवेदन कर जांच किये जाने के लिए प्रपत्र-8 में आवेदन-पत्र दिया है।
अंतएव धारा 23 में प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास में हुए परिवर्तन/संशोधन जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से तीस दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
यह सूच